हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 12 जून 2026, समय 18:10 (10 मिनट)

मुख्य समाचार :-

- सरकार ने खुदरा पेट्रोल पंपों से संस्थागत, औद्योगिक और वाणिज्यिक ग्राहकों के ईंधन खरीदने पर रोक लगाई।
- सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने टेलीविज़न, रेडियो और संचार सेवाओं से संबंधित, दूरसंचार नियम 2026 का मसौदा सार्वजनिक परामर्श के लिए जारी किया।
- मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का 12 वर्ष का कार्यकाल सेवा व सुशासन का स्वर्णिम अध्याय रहा ।
- केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने श्री मोदी के 12 वर्ष के कार्यकाल को उपलब्धियों का कार्यकाल बताया, कहा, जम्मू कश्मीर में अनुच्छेद 370 हटने के बाद विकास को नई गति मिली।
- मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने समाज व राष्ट्र को मजबूत बनाने के लिए सभी से मिलकर कार्य करने का आह्वान किया।

==============================

सरकार ने खुदरा पेट्रोल पंपों से संस्थागत, औद्योगिक और वाणिज्यिक ग्राहकों के ईंधन खरीदने पर रोक लगा दी है। सरकार ने कहा है कि इन्हें अपनी जरूरत का पेट्रोल और डीजल थोक बिक्री केन्द्रों से ही लेना होगा। यह निर्णय पश्चिम एशिया संघर्ष के कारण वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में आई बाधाओं के बीच

स्थानीय स्तर पर ईंधन की कमी को रोकने के लिए लिया गया है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने एक अधिसूचना में कहा कि ये प्रतिबंध 90 दिनों तक लागू रहेंगे।

===================================

सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने टेलीविजन, रेडियो और संचार सेवाओं से संबंधित दूरसंचार नियम, 2026 का मसौदा सार्वजनिक परामर्श के लिए जारी किया है। यह मसौदा पहले के टेलीग्राफ अधिनियम, 1885 के अंतर्गत टेलीविजन और रेडियो सेवाओं के लिए जारी विभिन्न दिशा-निर्देशों को नए दूरसंचार अधिनियम, 2023 के दायरे में शामिल करने के उद्देश्य से तैयार किया गया है। नए प्रावधान में सूचना और प्रसारण मंत्रालय तथा निजी प्रसारकों के बीच होने वाले ग्रांट ऑफ परमिशन एग्रीमेंट पर हस्ताक्षर की आवश्यकता को समाप्त कर दिया गया है। इससे यह पूरी प्रक्रिया डिजिटल हो जाएगी।

==================================================

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 12 वर्ष का कार्यकाल सेवा व  सुशासन का स्वर्णिम अध्याय रहा है। इन 12 वर्षों में भारत तेजी से बदला है। वे आज पंचकूला में एक पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने कहा रिकार्ड समय तक भारत के निर्वाचित प्रधानमंत्री बन चुके प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने भारत को दुनिया में नई पहचान दिलाई है। गगनयान की और बढ़ते कदम,  चंद्रयान 3 और आदित्य एल 1 की सफलता अंतरिक्ष विज्ञान में भी भारत ने ऊंची छलांग लगाई । पिछले 12 वर्षों में भारत में संभावनाओं के देश से उपलब्धियां के देश तक की ऐतिहासिक यात्रा  तय की है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने देश में तुष्टिकरण की राजनीति को पीछे छोड़कर संतुष्टीकरण और अंत्योदय के एक नए युग में प्रवेश किया है।

उनकी दृढ़ इच्छा शक्ति से हर योजना को अंतिम पायदान पर खड़े अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के सफल और ईमानदार प्रयास किए गए है।

उन्होंने कहा कि यह सत्ता को विशेष अधिकार का माध्यम नहीं बल्कि सेवा का संकल्प बनाने की यात्रा की है। गरीब कल्याण मोदी सरकार की विकास यात्रा का केंद्र बिंदु है। इसीलिए वर्ष 2014 के बाद देश में 25 करोड़ से अधिक लोग गरीबी रेखा से बाहर आए हैं।
इस अवसर पर 12 वर्ष की उपलब्धियां से जुड़ी एक दस्तावेजी फिल्म भी दिखाई गई।

==========================================

केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 12 वर्ष का कार्यकाल, उपलब्धियों का कार्यकाल रहा है। इस दौरान देश का अभूतपूर्व विकास देखने को मिला।

आज फरीदाबाद में आयोजित एक पत्रकार वार्ता में कहा कि 10 जून को श्री नरेंद्र मोदी देश के सबसे लंबे समय तक लगातार निर्वाचित प्रधानमंत्री बनने का गौरव प्राप्त कर चुके हैं, और मोदी सरकार के 12 वर्ष राष्ट्र निर्माण, पारदर्शिता, जवाबदेही और "सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास" के मंत्र पर आधारित रहे हैं।

केंद्रीय मंत्री ने बताया कि देश का बुनियादी ांचा निर्माण बजट वर्ष 2014 के लगभग 2 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर 12 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो चुका है, जबकि रक्षा बजट भी लगभग 8 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के कार्यकाल में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत हुई है, नक्सलवाद प्रभावित क्षेत्रों में कमी आई है तथा जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद-370 हटने के बाद विकास को नई गति मिली है।

उन्होंने रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता बढ़ाने और रक्षा निर्यात के लगभग 40 हजार करोड़ रुपये तक पहुंचने का भी उल्लेख किया।

==================================================

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि पंजाब में समाज कल्याण व अधिकारों की रक्षा के लिए, नीतिगत या व्यक्तिगत रूप से कार्य करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी जाएगी।वे आज पंजाब के राजपुरा में सैनी समाज कल्याण समिति द्वारा आयोजित सैनी महासम्मेलन को सम्बोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने राजपुरा की धरती की वीरों की पावन और ऐतिहासिक धरा बताते हुए कहा कि यह क्षेत्र दोनों राज्यों के भाईचारे का प्रतीक है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने जब से देश की बागडोर सम्भाली है, नई नीतियां बनाई और लागू की हैं जिनसे गरीब व्यक्ति को विकास की धारा में लाने का काम किया है। पंजाब में हरियाणा की तर्ज पर जनकल्याणकारी नीतियां लागू की जाएगीं। पिछले चुनाव में आम आदमी पार्टी ने अनेक वादे करके पंजाब के लोगों को झूठ बोलकर बरगलाने का कार्य किया। आज जनता स्वयं को ठगा सा महसूस कर रही है।

श्री नायब सिंह सैनी ने समाज एवं राष्ट्र को मजबूत बनाने के लिए सभी से मिलकर कार्य करने का आह्वान किया और कहा कि इस प्रयास से पंजाब को भी समृद्ध एवं खुशहाल बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि समाज के हकों की रक्षा के लिए जोरदार पैरवी की जाएगी।

===============================================

हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक समिति द्वारा श्री गुरु अर्जुन देव जी महाराज के शहीदी गुरु पर्व पर पाकिस्तान धार्मिक यात्रा के लिए भेजे गए जत्थे के वाघा बॉर्डर से वापस आने के मामले की गंभीरता से जांच की जाएगी। हरियाणा सिख

गुरुद्वारा प्रबंधक समिति के प्रधान जत्थेदार जगदीश सिंह झींडा ने ये जानकारी दी।

गौरतलब है कि श्री गुरु अर्जुन देव जी महाराज के शहीदी गुरु पर्व पर हरियाणा से एक जत्था पाकिस्तान में धार्मिक यात्रा के लिए 9 जून को कुरुक्षेत्र के ऐतिहासिक गुरुद्वारा साहिब पातशाही छठी से भेजा गया था। परन्तु किसी कारण से 10 जून को इस जत्थे को वाघा बॉर्डर से पाकिस्तान में प्रवेश नहीं करने दिया गया।

==================================================

डाक विभाग द्वारा अंबाला मंडल के किसी भी गाँव या वार्ड की मांग पर आधार अपडेट के लिए विशेष शिविर लगाए जाएंगे। डाक विभाग के प्रवर अधीक्षक विजय कुमार ने आज अंबाला में यह घोषणा की।

===========================================